हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 12 डिग्री


4 तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर घुसा घर में




## खबर संक्षेप

### शीतलहर को देखते हुए बदला स्कूलों का समय

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में पड़ रहे अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 15 जनवरी तक के लिए जिले में संचालित विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत जिले में दो पाली में संचालित होने वाली शालाओं की प्रथम पाली प्रातः 9 से 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 12:45 से शाम 4:15 बजे तक सोमवार से शनिवार खुलेंगे। वहीं एक पाली में संचालित शालाएं सोमवार से शनिवार प्रातः 10:30 से सायं 3:30 बजे तक खुली रहेंगी।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां 27 तक

**बैकुण्ठपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य, साहस, एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है, इसके तहत 5 बालक-बालिकाओं को 25 हजार रुपए की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार के लिए पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन 27 दिसंबर तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी,महिला एवं बाल विकास विभाग बैकुंठपुर में जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क कर सकते है।

### जिले मे ग्राम सभा का आयोजन 19 को

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में 19 दिसंबर को ग्राम सभा आयोजित करने का आदेश दिया है। उन्होंने पंचायती राज अधिनियम की धारा के तहत गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा की सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव का होगा।

### घर के परछी में खड़ी बाइक को ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** सूने मकान के घर के परछी में खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। मकान मालिक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम सरईडीह निवासी अन्नु बाई पति राम कुमार (32 वर्ष) सोमवार को पति व बच्चों के साथ घर में ताला लगाने तथा बाइक क्रमांक सीजी 30 2217 को घर के परछी में लॉक करने के पश्चात जमीन रजिस्ट्री कराने के लिए शहडोल गए थे। दूसरे दिन वापस लौटे तो देखा गेट खुला व परछी में खड़ी बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो अन्नु बाई ने घटना की रिपोर्ट धौरपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब बिक्री कर रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** घर में शराब बिक्री कर रहे ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसान क्षेत्र में गश्त कर रहे गांधीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चठिरमा निवासी लाल साय राजवाड़े आ. लछुराम राजवाड़े बड़े मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दिया तो वहां शराब पी रहे लोग पुलिस को देख फरार हो गए। पुलिस ने लालसाय राजवाड़े घर से तीन लीटर महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

## दुपहिया वाहन के लिए भी आना-जाना है मुश्किल

# शो पीस बनी पौनी पसारी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- सड़क पर लगती है बाजार

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में साप्ताहिक बाजार के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। सड़क किनारे ही बाजार के लिए तिरपाल लगाने के कारण इस मार्ग से आने-जाने में परेशानी होती है। बड़ी गाड़ियों तो दूर की बात यहां से दुपहिया वाहन को भी निकाल कर ले जाना किसी चैलेंज से काम नहीं होता।

साप्ताहिक बाजार बैठकी के लिए नगर पालिका ने डबरीपारा, बाजारपारा के बीच 5 साल में 1 करोड़ रुपए खर्च कर दिए हैं, लेकिन विभागीय अफसरों की अनदेखी व विक्रेताओं की जिद के कारण टीन शेड खाली पड़े हैं। साप्ताहिक बाजार के लिए नगर पालिका ने 2018 में डीएमएफ से 40 लाख रुपए खर्च कर शेड चबूतरा बनवाया। वहीं 2022 में पौनी पसारी योजना के तहत एक बार फिर 60 लाख रुपए से सड़क की दूसरी ओर शेड चबूतरा बनवाया गया, फिर भी सब्जी व्यापारी सड़क पर ही दुकानें लगा रहे हैं। दूसरी ओर डबरीपारा में बाजार स्थल पर तालाब किनारे बने 10 दुकानों का आवंटन नहीं होने के कारण दुकानों का बुरा हाल है। शटर बंद होने से जंग लगकर खराब हो चुके हैं। बाजारपारा की मुख्य सड़क पर बाजार न लगे, इसलिए नगर पालिका ने टीन शेड लगवाकर सब्जी मंडी तैयार कराई थी, पर जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी व सब्जी विक्रेताओं की जिद के कारण टीन शेड खाली पड़े हैं। विदित हो कि जिला मुख्यालय में सप्ताह में रविवार और गुरुवार को बाजार लगता है। बैकुंठपुर से बचरापोड़ी के रास्ते बिलासपुर जाने वाला मुख्य मार्ग होने के कारण यात्री बसों समेत भारी वाहन भी इसी रास्ते से आना जाना करते हैं। सड़क पर सब्जी विक्रेताओं समेत अन्य दुकानदारों के बैठने के कारण यहां से बाइक, स्कूटर का निकलना भी मुश्किल भरा हो जाता है। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय के इस मार्ग पर लगाए गए अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाएं हो चुकी है, इसके दो-चार दिन स्थानीय प्रशासन हरकत में रहा, लेकिन उसके बाद फिर से इस मार्ग पर अवैध अतिक्रमण ने डेरा जमा लिया। सड़क पर लगाए गए अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई बेहद कम हो गई है। यहां फुटपाथ के नहीं होने से लोगों को सड़क के बीचों-बीच ही चलना पड़ता है, जिससे कई बार इस मार्ग पर हादसे हो चुके हैं। वार्ड पार्षद के द्वारा भी नपा सीएमओ को कई बार इस मामले से अवगत करने के बावजूद भी अतिक्रमण नहीं हटाने के कारण एक और जान चली गई। सड़क पर अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों के कारण इस मार्ग पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। यहां पैदल चलने वाले लोगों और वाहतिक्रमण धारियों की पहुंच के कारण स्थानीय अधिकारी भी इन पर कार्रवाई करने से डरते हैं।



सड़क पर लगी दुकानें, इसकी वजह से जाम की स्थिति बनती है।

### पौनी पसारी में नहीं लगता बाजार

बाजार पारा में नपा ने बीते वर्ष पौनी पसारी का निर्माण कराया था, बावजूद इसके इस क्षेत्र में सड़क पर ही बाजार लगाया जाता है, जिससे आए दिन इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार छोटे-मोटे सब्जी व्यापारियों को सड़क पर से हटाया गया, लेकिन लंबे समय से कार्रवाई नहीं होने के कारण सड़क पर ही बाजार लगाए जाने से करीब 60 लाख रुपए की लागत से बने शेड और चबूतरे का कोई उपयोग नहीं दिख रहा है।

### इस सड़क पर हुई मौतें

घड़ी चौक से होकर बचारा पोंड़ी जाने वाले इस रास्ते पर पांच महीने में तीन मौते हो चुकी है। तीनों घटना ट्रक की चपेट में आने के कारण हुई है। जून महीने में कंचनपुर निवासी वृद्ध को भी इस मार्ग पर ट्रक ने अपनी चपेट में लिया था, जिससे उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं अक्टूबर महीने में इसी मार्ग पर एक महिला की ट्रक के चपेट में आने से मौत हो गई थी, बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन सड़क पर से अतिक्रमण हटाने को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा।

### इमरजेंसी में नुकसान की संभावना

जिला मुख्यालय के जिस मार्ग पर बाजार लगता है, वह घनी आबादी वाला क्षेत्र है। यहां आस-पास बनी रहवासी सोसाइटियों के हजारों लोग इसी रास्ते आना-जाना करते हैं। यदि कभी इमरजेंसी की स्थिति बनी जिसमें एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड या पुलिस के वाहनों को इस रास्ते से जाना पड़े तो ऐसे में जल्द इस रास्ते से जाना मुश्किल होगा, जिससे नुकसान झेलने की संभावना हो सकती है।

# क्रिसमस की तैयारियों में जुटा मसीही समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- आज निकलेगी क्रिसमस रैली

मसीही समुदाय के द्वारा क्रिसमस पर्व की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। आगामी 25 दिसंबर को उल्लास के साथ क्रिसमस पर्व मनाया जाएगा, इसके पूर्व 15 दिसंबर को संयुक्त मसीही सेवा समिति के तत्वाधान में क्रिसमस रैली शहर में निकाली जाएगी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर को संयुक्त मसीही सेवा समिति के द्वारा क्रिसमस रैली दोपहर 2 बजे से रामपुर स्थित कैथोलिक चर्च परिसर से निकाली जाएगी, इसके पूर्व उक्त स्थल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रार्थना रेव्ह. संतोष खलखो एवं रेव्ह. आनंद बेक द्वारा कराया जाएगा। इसके बाद क्रिसमस रैली केन्द्री विद्यालय रामपुर होते हुए मुख्य मार्ग पहुंचेगा। यहां से क्रिसमस रैली बस स्टैंड, फौव्वारा चौक, कोरिया कुमार चौक पहुंचेगा ,जहां पर पा. दानिएल तिर्की द्वारा प्रार्थना कराई जाएगी। यहां से रैली मुख्य मार्ग से होते हुए उपभोक्ता फोरम के पास से खुटहनपारा रोड होते हुए ईएलसी कैंपस पहुंचेगी, जहां पर शाम के समय कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



सज रहा गिरजा घर।

### बड़ी संख्या में जुटेंगे लोग

क्रिसमस के पूर्व 15 दिसंबर को निकलने वाली क्रिसमस रैली में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होते हैं। शांतिपूर्ण तरीके से रैली निकाली जाती है। इसमें महिला-पुरूष व बच्चे काफी संख्या में शामिल होते हैं। आज होने वाले क्रिसमस रैली में भी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। बाजे-गाजे के साथ क्रिसमस रैली निकाली जाएगी। क्रिसमस रैली में सांताक्लाज भी नजर आएंगे।

# विवाह के लिए अंतिम मुहूर्त आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- कल से लग जाएगा खरमास

चालू वर्ष में विवाह का 15 दिसंबर को अंतिम मुहूर्त है, इसके बाद एक माह के लिए विवाह सहित सभी तरह के मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा।

जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर को साल 2023 का अंतिम विवाह मुहूर्त है, इसके कारण आज जिले में कई शादियां होंगी। इसके अगले दिन 16 दिसंबर से खरमास लग जा रहा है, खरमास के दौरान विवाह सहित अन्य तरह के शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है। खरमास लगने के दौरान पूजा-अर्चना पर किसी प्रकार की रोक नहीं रहती। इस दौरान विभिन्न देवताओं की पूजा-अर्चना चलता रहेगा, लेकिन किसी भी तरह के शुभ कार्य खरमास के द्वारा शुरू नहीं की जाती है। उल्लेखनीय है कि बीते माह देवउठनी एकादशी के दिन से विवाह सहित सभी तरह के मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो गई थी, इस बीच कई शादियां आयोजित की गई। देवउठनी के बाद से अब तक विवाह के प्रत्येक मुहूर्त में वैवाहिक कार्यक्रम होते रहे और 15 दिसंबर को अंतिम मुहूर्त में भी जमकर विवाह कार्यक्रम संपन्न होंगे, इसके बाद एक माह के लिए वैवाहिक सहित अन्य तरह के शुभ कार्यों पर विराम लग जाएगा।



### आज के बाद अगले साल मुहूर्त

आज साल का अंतिम विवाह मुहूर्त हैं, इसके बाद 16 दिसंबर से खरमास लग रहा है, जो एक माह तक प्रभावी रहेगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार खरमास में किसी भी तरह का शुभ कार्यो को करना वर्जित रहता है। अगले वर्ष 2024 में 15 जनवरी को मकर सक्रांति है। इस दिन भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे, इसके साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा और फिर से विवाह सहित अन्य तरह के शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाएगी, इसके बाद आने वाले प्रत्येक माह में विवाह कार्यक्रम संपन्न होंगे। प्रतिवर्ष गर्मी के दिनों में सबसे अधिक विवाह कार्य संपन्न किए जाते हैं।

### दो पक्षों में मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**अम्बिकापुर।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम ग्राम खुरण्डीह संपत यादव आ. जुगेश्वर यादव (28 वर्ष ) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। गत दिन दुकान में बल्प लेने गया था जहां से वापस आते समये रास्ते में मनमोहन प्रसाद यादव गाली-गलौज करने लगा। इसी बीच शोर सुनकर मनमोहन का पुत्र शिवशंकर यादव व उसका पुत्र विष्णु यादव आए और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए जमकर पिटाई कर दी। वहीं दूसरे पक्ष के गांव के ही मनकिया यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शाम को पुत्र शिवशंकर के घर से आ रही थी। तभी रास्ते में पति मनमोहन प्रसाद यादव को संपत यादव गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर रहा था जिसे देख बीच बचाव करने लगी तभी उसके भाई मान कुमार व रामजीत यादव पहुंच गए और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनो पक्षों पर समान धारा 294, 506, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# राजस्व के लंबित प्रकरणों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

- कलेक्टर ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में राजस्व प्रकरणों की अनुविभाग एवं तहसीलवार समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि राजस्व न्यायालय में तत्काल निर्णय हो सुनिश्चित किया जाए। राजस्व प्रकरण लंबित न रखे। अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन भलि-भांति करें।

उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य के लिए अधिकारी कार्यालयीन व्यवस्था भी सुव्यवस्थित रखना सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्व से संबंधित अपील, पुनरीक्षण, डायवर्सन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण,अभिलेख सुधार, विवादित-अविवादित खाता विभाजन, नक्शा कटना, आबादी सर्वे निपटारा, अतिक्रमण, भू-अर्जन, आबादी पट्टा वितरण, ई-कोर्ट के लंबित प्रकरण, भुइया सॉफ्टवेयर अभिलेख का दुरुस्तीकरण, नक्शा दुरुस्तीकरण, भूमि अर्जन, भूमि आवंटन, जवाब दावा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने समय-सीमा के प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि जिस हल्का पटवारी में आवेदनों की संख्या अधिक होगी, वहां पर राजस्व अमला टीम का गठन करते हुए छोटे-छोटे शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण कराना सुनिश्चित करेंगे। तहसीलदार पटवारीवार प्रत्येक दिन समीक्षा करेंगे तथा समस्त अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदारों की साप्ताहिक समीक्षा करेंगे। इस प्रकार प्रकरणों के लिए लिस्ट बनाकर अभियान चलाकर शत-प्रतिशत ⏭ शेष पेज 4 पर



बैठक लेते कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा।





### विष्णुदेव के सीएम बनने पर सर्वआदिवासी समाज ने मनाया जश्न

**बैकुण्ठपुर।** छग के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को नियुक्त करने के बाद सर्वआदिवासी समाज कोरिया ने खुशी जाहिर की है। कुमार चौक में गुरुवार के दिन सर्व आदिवासी समाज के सदस्यों ने आतिशबाजी की है। इस दौरान लोगों का मुंह मीठा करा सभी को बधाई दी। इस दौरान समाज के सूर्य प्रताप सिंह नेताम ने कहा कि छग में पहले आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णु देव साय को नियुक्त करने के बाद आदिवासी समाज में बेहद खुशी है। इस दौरान सूर्यप्रताप सिंह नेताम,विजय सिंह ठाकुर,भूपसाय, महेन्द्र पोया, गोपाल कमरो, चंद्रिका पैकरा, जीएस पैकरा,आदिवासी नीरा सिंह कुसरो, गीता खलखो सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चोरी की नीयत से घुसे आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा

**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के नागपुर पुलिस चौकी अंतर्गत मंगलवार की रात्रि एक ग्रामीण के घर चोरी करने की नियत से घर घुसने की खबर के बार परिवार के लोगों के द्वारा शोर मचाया गया और इसके बाद तत्काल आस-पड़ोस के लोगों के द्वारा घर में घुसे चोर को पकड़ लिया गया ,वहीं दूसरा आरोपी फरार हो गया था, जिसे बाद में पकड़ लिया गया,जिन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के नागपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बरबसपुर के बस्तीपारा निवासी काली सिंह का आगे व पीछे दो घर है, पिछले घर में ताला लगाया गया था और सामने वाले घर में काली सिंह के परिवार के सदस्य मंगलवार की रात्रि में सो रहे थे।

इसी दौरान रात्रि में पीछे के घर का ताला तोड़कर घर के अंदर रखे आलमारी से चोरी करने के लिए कुछ लोग के घुसने की आहट के बाद दूसरे घर में रह रहे परिवार के लोगों ने शोरगुल करना शुरू कर दिया ,इसके बाद आस-पड़ोस के लोगों के द्वारा घर में घुसे एक व्यक्ति को पकड़ लिया, वहीं दूसरा मौके से फरार हो गया था। ⏭ शेष पेज 4 पर



पकड़ा गया आरोपी।

### ठंड में बढ़ जाती है चोरी की घटना

ठंड के मौसम में अन्य मौसम की अपेक्षा चोरी की घटनाएं बढ़ जाती है। इस मौसम में रात्रि होने के कुछ घंटे बाद से ही लोग अपने घर में दुबक जाते हैं और इसी का फायदा उठाकर कई घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाता है। ठंड के मौसम में लोग गर्म कपड़ों के बीच गहरी नींद में है, जिसका फायदा चोरी करने वाले लोग उठाते हैं। ज्यादातर ऐसे मकानों को निशाना बनाया जाता है जो सूना हो। इसकी रेकी पहले ही कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है।

## पहले से थी लव मैरिज, घर वालों को धोखे में रखने का आरोप


# बारात का इंतजार करती रही दुल्हन लेकिन दूल्हा निकला दो बच्चों का बाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में शादी की खुशियां अचानक गम के माहौल में बदल गई। दरअसल यहां दुल्हन की जिस लड़के से शादी होने वाली थी, वह पहले से शादीशुदा निकला।

दुल्हन को यह बात बारात आने के महज 2 घंटे पहले ही पता चली। दूल्हे की सच्चाई जानने के बाद पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत सिटी कोतवाली में की है। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर निवासी एक युवती की शादी सोनहत थाना क्षेत्र के अंगवारी निवासी से तय हुई थी। शहर के तेरापंथ भवन में शादी 13 दिसंबर को होनी थी। इधर दुल्हन के घर बारातियों के स्वागत की तैयारी हो रही थी, बारातियों के लिए भोजन और शामियाने की तैयारी भी पूरी हो गई थी, लेकिन अचानक से मिले खबर के बाद शादी की खुशियां दुख में बदल गई। बारात के कुछ घंटे पहले ही दूल्हे के पहले से शादीशुदा होने की बात दुल्हन के घर वालों को पता चली, इसके बाद घर में कोहराम मच गया। इधर दुल्हन का रो-रोकर बुरा हाल था।

इधर वधू पक्ष के लोगों का कहना है कि दूल्हे के परिवार वालों ने अंधेरे में रखकर उसके शादीशुदा होने की बात छिपाई थी। यह तो गनीमत रही कि शादी के दिन ही दूल्हे की सच्चाई सबके सामने आ गई। सच्चाई तब सामने आई जब लड़की वाले बारात का इंतजार करते रहे, लेकिन बारात नहीं आई। दूल्हे के शादीशुदा होने के साथ ही वह दो बच्चों का पिता है। एक बच्ची 7 साल की और बेटा 5 साल का बताया जा रहा है।





तेरापंथ भवन में की गई थी शादी की व्यवस्था।

### दो बच्चों का पिता है दूल्हा

अंगवारी निवासी यादव की शादी बैकुंठपुर निवासी युवती से होनी थी। मामले में बारात के दिन ही दूल्हे की सच्चाई सामने आ गई। जानकारी के अनुसार दूल्हे की पहले ही लव मैरिज से शादी हो चुकी थी, जिससे उसके दो बच्चे भी हैं। बच्ची की उम्र 7 साल और बेटे की उम्र 5 साल बताई जा रही है। हालांकि कोतवाली में शिकायत होने के बाद से दूल्हा फरार बताया जा रहा है।

### दुल्हन पक्ष को लाखों का नुकसान

दुल्हन के घर शादी की तैयारियां जोरों पर थी। बारातियों के लिए भोजन समियाने सहित अन्य तैयारी भी पूरी हो चुकी थी। लोगों का कहना है कि शादी की तैयारी में करीबन 5 से 7 लाख रुपए खर्च हो चुके थे। इसमें दूल्हे को दहेज के रूप में कुछ रुपए बैंक ट्रांसफर के माध्यम से दिए गए थे। दुल्हन के घर वालों को धोखे में रखकर दूल्हे के शादीशुदा होने के बाद छिपाने से बड़ा नुकसान हुआ।

# झारखंड से धान लाते पकड़े गए चार वाहन

**बलरामपुर।** धान खरीदी के बीच पड़ोसी राज्यों से अवैध धान आने का सिलसिला भी जारी है। तस्कर अवैध रूप से धान खपाने के प्रयास में लगे हुए है लेकिन प्रशासन द्वारा गठित टीम उनके मंसूबों को नाकाम कर रही है।

टीम द्वारा पुनः चार वाहनों से 210 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। धान को झारखंड से लाया जा रहा था और समितियों में खपाने की योजना थी। टीम द्वारा फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि धान खरीदी शुरू होने के साथ ही जिले में तस्कर व बिचौलिए भी सक्रिय हो गए है और अवैध रूप से धान खपाने का प्रयास कर रहे है। ऐसे में कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर निगरानी दलों, नोडल अधिकारियों व राजस्व अधिकारियों की टीम गठित की गई है जो समितियों में समय समय पर औचक निरीक्षण कर अवैध रूप से खपाए जा रहे धान को जब्त कर रही है। जिले में यूपी, झारखंड से सर्वाधिक धान छत्तीसगढ़ लाकर खपाने का प्रयास किया जाता है। इस बीच एसडीएम कुसमी के मार्गदर्शन में तहसीलदार चांदो द्वारा ग्राम करचा के बेरियर पर वाहन क्रमांक जेएच 03 एजी 9677 पिकअप से 60 बोरी, जेएच 03 पी 3363 पिकअप से 35 बोरी, जेएच 03 के 9672 पिकअप से 45 बोरी एवं सीजी 15 डीई 3276 मेटाडोर से 70 बोरी कुल 210 बोरी अवैध धान पकड़ा है।

टीम द्वारा पकडे गए धान व वाहनों को जब्त कर चांदो थाना के सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि तस्कर झारखंड से धान लाकर समितियों में खपाने की योजना बना रहे थे।

12- Dece Coriya-BHOOMI-PG-2_Layout 1 12/14/2023 7:53 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

### शिवरीनारायण मठ में सीताराम विवाह का हुआ आयोजन

**शिवरीनारायण।** धर्म एवं आध्यात्म की पावन धरा श्री शिवरीनारायण मठ में श्री सीताराम विवाह महोत्सव परंपरागत रूप से मनाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी तदनुसार रविवार 17 दिसंबर को शिवरीनारायण मठ में परंपरागत रूप से श्री सीताराम विवाह महोत्सव का आयोजन संपन्न होगा। शाम 4 बजे शिवरीनारायण मठ से भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी जो शाम 6 बजे मठ पहुंचकर विवाह महोत्सव विधि पूर्वक संपन्न होगा। इस पूरे कार्यक्रम में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री सीताराम विवाह महोत्सव में शिवरीनारायण नगर निवासी बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक भाग लेते हैं, भगवान की बारात नगर के जिन गलियों से होकर गुजरता है लोग अपने-अपने दरवाजे पर भगवान का आरती सजाकर पूजा अर्चना करते हैं साथ ही भगवान रघुनाथ जी के बारातियों का अनेक तरह के मिष्ठान खिलाकर आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत भी करते हैं।

### सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का आयोजन 24, 25 एवं 26 को

**जांजगीर-चांपा।** पांच दिवसीय सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक सूर्यांश विद्यापीठ सूर्यांश प्रांगण-सिवनी नैला में किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रो. गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी ने बताया कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सूर्यांश महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस 23 दिसंबर को मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय दिवस 24 दिसंबर को महा महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ के पश्चात कैरियर मार्गदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 24 दिसंबर को शाम आठ बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। तृतीय दिवस 25 दिसंबर को जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के द्वारा कैरियर मार्गदर्शन, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, प्रतिभा सम्मान एवं युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया है ।

### पासपोर्ट टू अर्निंग ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला

**जांजगीर-चांपा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में 12 दिसंबर को पासपोर्ट टूअर्निंग ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी होस्ट पूजा शर्मा थी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक जूम लिंक एवं यूटयूब के माध्यम से जुड़कर ज्ञान प्राप्ति किया। कार्यक्रम को होस्ट कर रही पूजा शर्मा ने की ईओएचओ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इसका मुख्य उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छा अनुसार एवं अपने क्षमता अनुसार ऐसे व्यक्ति की मदद करें जिसकी वह जरूरतमंद हो।

### गुरू घासीदास जयंती पर 18 को शुष्क दिवस घोषित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जांजगीर चांपा जिले में सभी प्रकार की मदिरा दुकान अर्थात देशी मदिरा सी.एस.2(घघ), विदेशी मदिरा एफ.एल.1 (घघ), देशी मदिरा सी.एस. (घघ कंपोजिट), प्रीमियम शॉप चांपा, जांजगीर एवं भंडारण भंडागार जांजगीर को पूर्णता बंद रखने का आदेश दिया गया है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 को

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 दिसम्बर को सायं 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में खरीफ सिंचाई की समीक्षा एवं आगामी रबी सिंचाई कार्यक्रम 2023 तथा खाद बीज की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के बाद कार्यों में आई प्रगति

# पत्थलगांव से कुनकुरी तक जल्द बनेगी सड़क, आवागमन होगा बेधड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर/पत्थलगांव

पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में आवागमन करने वाले लोगों की समस्याएं शीघ्र ही दूर होगी। सड़क पर उन्हें हिचगोले खाते नहीं गुजरना पड़ेगा और न ही कही आने जाने में अपना कीमती समय बर्बाद करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच सड़क के कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

मजदूरों की संख्या बढ़ाई गई है। सड़क निर्माण कार्य कराने वाली कंपनी को भी इस संबंध में कड़े निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के पश्चात कलेक्टर डॉ रवि मित्तल द्वारा भी सड़क के कार्यों का निरीक्षण कर हर दिन के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। कंपनी के प्रतिनिधि के मुताबिक सीसी रोड़ के निर्माण कार्य को इस माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जशपुर मुख्यालय सहित यहां से पत्थलगांव और अन्य स्थानों में आने-जाने के लिए महत्वपूर्ण नेशनल हाईवे-43 सड़क निर्माण कार्य की गति को अब बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के पश्चात



सड़क का निर्माण कार्य तेजी से जारी।

टीबीसीएल कंपनी के द्वारा सड़क में जगह-जगह अतिरिक्त मजदूर लगाकर काम कराया जा रहा है। कंपनी ने बताया कि पथलगांव शहर में सीसी रोड़ का काम दिसंबर महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इस मार्ग में स्थित झंडा घाट में पहाड़ की कटिंग का काम चल रहा है। इसी तरह बेला घाट में घाट कटिंग के कार्यों और डीएलसी, जीएसबी, मिट्टी के कार्यों को तेजी से किया जा रहा है। यहां सीसी रोड निर्माण पूरी प्रगति से चल रहा है। बंदरचुआ के पास कंपनी ने लगभग 1 किलोमीटर सीसी रोड का निर्माण पूरा कर लिया है। अभी कंपनी द्वारा 5 से 6 अतिरिक्त एक्सकेविटर खुदाई और मिटटी हटाने के कार्यों में लगाया गया है। बंदरचुआ से तामासिंहा और तामासिंहा से नवाटोली होते हनुमान टेकरी की तरफ़ जल्दी ही सीसी रोड का निर्माण कर दिया जाएगा। सड़क का निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा अतिरिक्त डीएलसी पेवर और सीसी रोड का पेवर भी मोबलाइज किया गया है, जिससे कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। कंपनी द्वारा बताया गया कि ईब, नैनी सहित अन्य नदियों में पुल निर्माण के कार्यों के लिए एक्सपर्ट इंजीनियर और लगभग 200 अनुभवी मजदूर लगाए गए हैं। पत्थलगांव से लेकर कुनकुरी तक के सड़क के कार्यों में विलंब न हो और कार्य तय सीमा पर पूर्ण हो सके, इस पर ध्यान केन्द्रित कर कार्य कराएं जा रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्थलगांव से लेकर कुनकुरी तक के सड़क निर्माण की गति को बढ़ाने और जल्दी ही पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सड़क के बनने से इस मार्ग पर आवागमन करने वालों की बड़ी सहूलियत मिलेगी। वे सुगम तरीके से बेधड़क सड़कों पर यात्रा कर सकेंगे।

## बनटोला में हाथियों की धमक, मकान किया ध्वस्त

**कोतबा।** शहर से लगे गांव बनटोला में तीन हाथियों के दल ने एक गरीब परिवार के मकान को पूरी तरह रौंद दिया। अचानक हुई इस घटना में सो रहे परिवार वाले जान बचाने के लिए जमकर आवाज लगाई। ग्रामीणों की मदद से हाथियों को भगाने कामयाब रहे।

हाथियों के कोहराम से घर ध्वस्त हो गया,लेकिन मलबे में दबे छः वर्षीय बालक को बचाया लिया गया। बच्चे का उपचार कोतबा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा हैं। घटना मंगलवार की रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। बनटोला गांव ग्राम पंचायत फरसाटोली का आश्रित मोहल्ला है। यह कोतबा से महज 3 किलोमीटर की दूरी में बसा है। जानकारी के अनुसार नंदलाल उरांव 35 वर्ष अपनी पत्नी किशोरी 30 वर्ष, निर्मल 6 वर्ष, अनुज 4 वर्ष के साथ खाना खाकर सो रहे थे,अचानक तीन हाथियों का दल आ धमका हाथियों का दल ग्रामीण के घर को धराशाही करते हुए अंदर जा घुसे जिससे अंदर सो रहे 6 वर्षीय बालक निर्मल मलबे में दब गया। घर मे रखे 70 किलो चावल को चट करते हुए बर्तनों को नुकसान पहुंचाया हैं। पीड़ति परिवार मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। वर्तमान स्थिति में उनके पास अब रहने को घर नहीं है,न बर्तन है न चावल हैं। पीड़ित परिवार को तत्काल मदद की आवश्यकता है। ग्रामीण तिलक मिरी ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी थी उन्होंने घटना स्थल का जायजा लेकर पंचनामा तैयार किया हैं। मलबे में दबे बालक को उपचार के लिए कोतबा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है हाथियों का दल फरसाबहार के डोंगादरहा गांव की ओर से आया था।


हाथियों द्वारा तोड़ा गया घर।

- मलबे में दबे बालक का अस्पताल में चल रहा उपचार

## चाकू दिखाकर की लूट, दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** चाकू दिखाकर एक युवक से लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चाकू व नगदी को बरामद किया गया है। मामला सिटी कोतवाली का है।

इस संबंध में जांजगीर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर निवासी सम्मेलाल उम्र 40 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 दिसंबर को सुबह 10 बजे मिश्रा अस्पताल जांजगीर के पास रोड़ में मूंगफली बेच रहा था, तभी दो व्यक्ति मोटर सायकल से आए और चाकू दिखाकर जेब में रखे 3180 रुपए और मोबाइल फोन को लूट कर भाग गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में धारा 394, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आरोपी की पहचान अरूण श्रीवास एवं दुर्गेश नेताम निवासी जांजगीर के रूप में हुई, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर साथ मिलकर प्रार्थी से नगदी 3180 रुपए एवं मोबाइल को लूट करना अपना अपना जुर्म स्वीकार किया व लूट की रकम आपस में बांट लेना। जिसमे से 1680 रुपए रकम को खर्च करना व 1500 रुपए एवं मोबाइल को आपस में बांट लेना बताया। जिसे आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया है। आरोपी दुर्गेश नेताम एवं अरुण श्रीवास निवासी जांजगीर को गिरफ्तार कर 13 दिसंबर को न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं।

## ग्राम पंचायतों में 19 को विशेष ग्रामसभा का आयोजन

**जशपुरनगर।** भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। 02 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक अभियान के दौरान जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत में क्रमशः सामान्य सभा व ग्रामसभा का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता के कारण निर्धारित समय-सीमा में ग्रामसभा का आयोजन नहीं किया जा सका है जिस कारणवश ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु ग्रामसभा का आयोजन 19 दिसम्बर 2023 को समस्त ग्राम पंचायतों में किया जाना है। विशेष ग्रामसभा में जीपीडीपी निर्माण हेतु एलएसडीजी की 09 थीमों में से कम से कम 01 थीम पर संकल्प लिया जाकर वायब्रेंट ग्रामसभा पोर्टल में उसकी एण्ट्री करना अनिवार्य होगा। चयनित संकल्प को पूर्ण करने हेतु संबंधित गतिविधियों की प्राथमिकता निर्धारित किया जाय। ग्रामसभा की बैठक में लाईन विभाग से संबंधित अधिकारी - कर्मचारी द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत किया जाएगा। प्रारूप जीपीडीपी में समस्त विभाग की योजनाओं के साथ-साथ कम लागत-कोई लागत नहीं गतिविधियों को भी सम्मिलित किया जाय। ग्रामसभा की बैठक में अतिरिक्त एजेण्डा के रूप में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में शौचालय विहीन परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी सूची का अनुमोदन उपरांत जनपद पंचायत और जिला पंचायत को प्रेषण किया जाएगा। ओडीएफ प्लस के मापदण्डों को पूरा करने वाले ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित करने की घोषणा, गोबरधन योजनान्तर्गत स्थापित बायोगैस संयंत्रों के समुचित उपयोग एवं संधारण हेतु जिम्मेदारी का निर्धारण, ग्रामसभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की विडियो रिकार्डिंग की जानी है तथा विडियो को ग्राम सभा निर्णणष मोबाईल एप्प में अपलोड किया जाना है।

## ठंड से थरथराया जशपुर, गर्म कपड़े अलाव से भी नहीं हो रहा बचाव



**जशपुरनगर।** विधानसभा चुनाव की गर्माहट कम होते ही जिले में ठंड बढ़ती जा रही है पिछले तीन चार दिनों से हड्डियों को कंपकंपा देने वाली ठंड शुरू हो गई है। दिन ढलते ही तापमान में गिरावट होने लगती है। पड़ रही ठंड के कारण रात के आठ बजते ही रास्तों पर सन्नाटा पसर जाता है। चलने वाली ठंडी हवाएं ठंड का एहसास करा रही है। आने वाले दिनों में तापमान और अधिक गिरने की संभावना है। लोग जगह जगह अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है।

## एटीएम में पसरी गन्दगी, साफ सफाई में नही बैंक प्रबंधन का ध्यान

**शिवरीनारायण।** टेंपल सिटी शिवरीनारायण के एटीएम में साफ सफाई का अभाव बना हुआ है। शहर में तीन एटीएम संचालित हो रहे है, लेकिन सफाई एक भी एटीएम में नहीं हो पा रही है। एटीएम के अंदर गोबर व कागज का अंबार हुआ है। वहीं सफाई व्यवस्था को लेकर बैंक प्रबंधन का बिल्कुल भी ध्यान नहीं है।

गौरतलब है कि शिवरीनारायण में संचालित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएमओ में अव्यवस्था का आलम हैं। यहां न तो एटीएम की साफ सफाई हो पा रही हैं और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए हैं। एटीएम के अंदर गन्दगी पसरी रहती हैं। जिसका सामना एटीएम से पैसे निकालने वाले लोगो को करना पड़ता हैं। नगर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सभी एटीएमओ का यही हाल हैं। एटीएमओ में व्याप्त समस्याओं को दूर करने में बैंक प्रबंधन के हाथ पैर फूल रहे हैं। यूं तो बैंक द्वारा ग्राहकों से सुविधा के नाम से राशि तो ली जाती हैं लेकिन बैंक के ग्राहकों को सुविधा के नाम पर कुछ नही दिया जाता। लोग बैंक प्रबंधन के इस रवैए से खासे परेशान हैं। नगर में भारतीय स्टेट बैंक के तीन जगहों पर एटीएम लगाए हैं जिसमें बैंक के पास, रेस्ट हाऊस रोड़ एवं बांबे मार्केट मुख्य मार्ग शामिल हैं। तीनो ही एटीएम में न तो साफ सफाई होती हैं और न ही सुरक्षा के लिए गार्ड की तैनाती की गई हैं। नगर में लगे एटीएम की सुरक्षा भगवान भरोसे हैं। लोग जब भी एटीएम में पैसे निकालने के जाते हैं तो एटीएम में फैली गन्दगी से सामना होता है। एटीएम के



अंदर मवेशी घुस जाते है और गंदगी फैला देते हैं। मवेशियों द्वारा फैलाई गन्दगी के बीच लोग एटीएम से पैसे निकालने को मजबूर हैं। नगर के एटीएमओ में न तो रोजाना सफाई होती हैं और न ही सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जाता हैं।

एटीएम के अंदर कागजों का ढेर लगा रहता हैं। लोगो ने फैली गन्दगी की शिकायत बैंक प्रबंधन से की हैं लेकिन नतीजा नहीं निकला। एटीएम में गार्ड तैनात नहीं है। एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था केवल भगवान भरोसे संचालित हो रहा है। एटीएम में सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से किसी दिन अप्रिय घटना घट सकती हैं, लेकिन बैंक प्रबंधन एटीएमओ में गार्ड तैनात करने में रुचि नहीं ले रहा हैं। ऐसा नहीं है कि एटीएम में तोड़फोड़ व चोरी की घटना नहीं हुई हो लेकिन इसके बावजूद एटीएम में सुरक्षाकर्मी की तैनाती नहीं की जाती है। जिससे कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है।

### नाबालिग से किया दुष्कर्म आरोपी पुणे से गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ।** नाबालिक बालिका को बहला फुसला कर अपहरण कर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने पुणे से गिरफ्तार किया है। मामला बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम जर्वे का है। इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक बालिका सुबह स्कूल पढ़ने गई थी, जो घर वापस नहीं आई। पता करने पर नहीं मिली बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले जाने की जानकारी मिली। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना चांपा में धारा 363 भादवी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया।

## सीएचसी बगीचा में विशेष पिछड़ी जनजाति स्वास्थ्य सहायता केन्द्र स्थापित

**जशपुरनगर।** जिले के सीएचसी बगीचा में विशेष पिछडी जनजाति पहाड़ी कोरवा बिरहोर को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष पिछडी जनजाति स्वास्थ्य सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है। केन्द्र का सम्पर्क नम्बर 8770339586 है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार पहाड़ी कोरवा बिरहोर जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में निवासरत हैं जहां एम्बुलेंस वाहन के माध्यम से भी पहुंच कठिन रहता है। ऐसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना चुनौतीपूर्ण रहती है। विशेष पिछड़ी जनजातियों को उक्त स्वास्थ्य सहायता केन्द्र के माध्यम से इन जनजातियों में होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु में कमी लाना, होने वाली बीमारियों का समय पर पता लगाकर उनकी जांच एवं त्वरित उपचार तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को लेने हेतु जागरूक करने का लक्ष्य है। विशेष पिछड़ी जनजाति में समन्वयक के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाऐं लेने हेतु जागरूक करना, टीबी के मरीज, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के उपचार का अनुश्रवण कर पूर्ण उपचार उपलब्ध कराना उद्देश्य है । पाठ क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं हेतु मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में बेहतर सेवायें देने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है।



## नियम तोड़ने वाले 129 वाहनों पर कार्रवाई वसूला गया 45 हजार संमन शुल्क

**जांजगीर-चांपा।** जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत 12 दिसंबर को कुल 129 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 44 हजार 6 सौ रुपए का संमन शुल्क वसूल किया गया है। यातायात नियमों का उलल्धन करने वालो वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार 12 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग- अलग धाराओं के तहत कुल 129 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 44 हजार 6 सौ का समन शुल्क लिया गया है।

जिले में बेहतर आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में सफल एवं बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।बैठक में उन्होंने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के अलावा वंचित हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। जिला अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन मुख्य सचिव कार्यालय से जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुरूप यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी जाए और पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उन्होने यात्रा हेतु रूट चार्ट तैयार करने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में विभागों की भूमिका, जनभागीदारी गतिविधि, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय स्तर पर समिति का निर्माण, स्थानीय हितग्राहियों को आमंत्रण, सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी, स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन का मोबलाइजेशन, कृषि गतिविधियों पर सत्र का आयोजन, प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करना, योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना तथा डेटा पोर्टल में जानकारी अपलोड कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अपर कलेक्टरश्री आईएल ठाकुर, आरपी चौहान, सर्व एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, सीएमओ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।


अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

जिले में शासन की प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु कलेक्टर डॉ रवि मित्तल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सदस्य सचिव व मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सदस्य सह सचिव बनाया गया है। इसी प्रकार गठित समिति में सदस्य के रूप में पुलिस अधीक्षक व वन मण्डलाधिकारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप संचालक कृषि , उप संचालक समाज कल्याण, जिला कार्यक्रम अधिकारी मबावि , प्रबंधक अग्रणी बैंक, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी , सहायक संचालक उद्यान, जिला परिवहन अधिकारी , सहायक संचालक कौशल विकास , जिला खाद्य अधिकारी, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं , नोडल अधिकारी अपेक्स बैंक , जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम विपणन, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी , सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जशपुर, ई– डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग, सहायक संचालक जन संपर्क विभाग , खेल अधिकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण , जिला शिक्षा अधिकारी,कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल , पत्थलगांव, कार्यपालन अभियंता ई छग ग्रा स वि अ , वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डुमरबहार, महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र , नोडल प्राचार्य, महाविद्यालय जशपुर शामिल है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा

भारत सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला मुख्यालय के कन्ट्रोल रुम का नोडल अधिकारी गठन किया गया है। जिले हेतु श्रम पदाधिकारी जशपुर को नोडल अधिकारी और महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र जशपुर, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी शाखा जशपुर, सहायक संचालक कौशल विकास जशपुर, समन्वयक रेडक्रॉस सोसायटी जशपुर को सहयोगी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार तकनीकि सहयोगी दल का भी गठन किया गया है। जिसमें जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जशपुर, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर जशपुर शामिल है। नोडल अधिकारी एवं तकनीकि सहयोगी दल विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करेंगे।

14- Dece Coriya pg 3_Layout 1 12/14/2023 11:28 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### ठेकेदार की लापरवाही से हो सकती है बड़ी घटना

**कोरबा।** एक ठेकेदार के लापरवाही के कारण कई लोगों की जान आफत में पड़ गई हैं, जानकारी के अनुसार पोडीबाहर मुक्तिधाम के सामने पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण किया जाना है जिसके लिए ठेकेदार द्वारा मुख्यमार्ग के समीप एक बड़ा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया लेकिन उसमें सुरक्षा की दृष्टि से कोई उपाय नहीं किया गया है और ना ही किसी प्रकार से फेंसिंग की गई। रात के अंधेरे में कई दो पहिया वाहन सवार उस गड्ढे में गिरकर चोटिल हो गए हैं। कई लोगों के गड्ढे में गिरने की वजह से आसपास के लोगों ने गड्ढे के समीप लकड़ी लगाकर लोगों को सचेत करने की कोशिश की जिससे कि अन्य कोई दुर्घटना का शिकार ना हो।

### कटघोरा में श्याम कीर्तन 26 दिसंबर को

**कटघोरा।** स्थानीय अग्रसेन भवन कटघोरा के परिसर में श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया है, जो कि 24 से 26 दिसंबर तक होगा। 24 दिसंबर को 2 बजे श्याम सखी मण्डल द्वारा श्याम पाठ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आमंत्रित पाठ वाचक श्रीमती मोनिका अग्रवाल होंगी। शाम 6 बजे से श्याम नाम की मेहंदी रखी गई है। 25 दिसंबर को बाबा दिल्ली से छतीसगढ़ की नगरी पहुंचेंगे। प्रातः 9 बजे बाबा का भव्य स्वागत पेंड्रा स्टेशन में किया जाएगा। कटघोरा आगमन के समय बाबा का भव्य सोभा यात्रा जटगा मोड़ से माँ महागौरी मंदिर कटघोरा 3 बजे से बाबा का विशाल निशान पदयात्रा का आयोजन किया गया है। माँ महागौरी मंदिर से अग्रसेन भवन कटघोरा जिसमें मुख्य आकर्षण स्वयं बाबा रहेंगे। बाबा का विशाल रथ नीले घोड़े के साथ, सभी प्रेमियों के लिए समिति द्वारा खाटू श्यामजी से निशान मंगवाया गया है। निशान यात्रा में भजन प्रवाहक निखिल श्याम टीम राजनांदगाँव से मौजूद रहेगी। अपने मीठे-मीठे भजनों से बाबा को निशान यात्रा में रिझायेंगे। वहीं मुख्य आयोजन श्याम गुणगान 26 दिसंबर को श्याम कीर्तन के रूप में होगा। कीर्तन के लिए विभिन्न प्रदेशो से पहुंचे ख्यातिप्राप्त भजन गायकों के द्वारा श्याम भजनों से भक्तजनों को झूमने नाचने व गाने के लिए मजबूर कर देंगे। पूरा नगर श्याम की भक्ति में सराबोर रहेगा।

### श्रीमद्भागवत कथा अमृत सुनने से जीवों को होती है मोक्ष प्राप्ति



**बरपाली।** श्रीमद्भागवत कथा अमृत सुनने से जीवों की मोक्ष प्राप्त होती है। उक्त उदगार भगवताचार्य पंडित विजय कुमार पांडेय ने रमेश कुमार राठौर बरपाली के आवास पर श्रीमद्भागवत कथा सुनाते हुए व्यास पीठ से कहा उक्त उदगार करते हुए कहा कि भगवान भक्तों की भावनाओं के अधीन रहता है। आज भी वृन्दावन में भगवान रास रचाने आती है वहाँ तुलसी की पौधे लताएं गोपियों के रूप में आ जाती है। उन्होंने भगवान के विभिन्न रूपों का वर्णन एवं बचपन की लीलाओं को विस्तार से श्रोताओं को सुनाया कत्यानी माता की सभी को कार्तिक मास में अवश्य करना चाहिए। गोपियां भी कत्यानी माता की उपासना किया वहीं नहाने के पूर्व वरूण देव का स्मरण एवं प्रणाम करना चाहिए।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा 16 को

**कोरबा।** नेशनल लोक अदालत के आयोजन के सबंध में जानकारी देते हुये श्री चंद्रा ने कहा कि जिला एवं तहसील स्तर पर 16 दिसंबर को हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जा सकता है। छोटे शमनीय मामले, सिविल, चेक बाउन्स, मोटर दुघर्टना दावा प्रकरण, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय व अन्य प्रकरण भी नेशनल लोक अदालत में शामिल हैं।

### विधिक जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन

**कोरबा।** जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा श्री बीएल कटवार, के मागदर्शन एवं निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा विद्यालय-महाविद्यालय में नियमित रूप से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में केसीसी में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्री विक्रम प्रताप चन्द्र द्वारा छात्रों को जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रायः सभी कानून के नाम सुनते है एवं उसका अर्थ अपराध से लगाते है। उन्होंने बताया कि विधि के विपरीत कार्य करना अपराध होता है, चाहे व जाने अनजाने में क्यों न हो।

---

इस वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन व डिस्पैच में रिकार्ड बनाने के बाद भी कंपनी दूसरे पायदान पर

# एमसीएल से पीछे, सबसे ज्यादा कोयला उत्पादन करने वाली एसईसीएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल पूरे कोल इंडिया में सबसे ज्यादा कोयला उत्पादन करने वाली कंपनी है लेकिन चालू वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन के मामले में सबसे आगे रहने वाली एसईसीएल पीछे चल रही है। कोयला उत्पादन के मामले में दूसरे नंबर की कंपनी एमसीएल आगे है। चालू वित्तीय वर्ष के 8 माह गुजर जाने के बाद एमसीएल ने अपने तय वार्षिक उत्पादन लक्ष्य का 125.3 मिलियन टन से ज्यादा कोयला उत्पादन कर लिया है। वहीं एसईसीएल ने 106.5 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया।

**खास बात**

- एमसीएल ने सभी अनुषंगी कंपनियों को पछाड़ते हुए बनाया पहला स्थान

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अप्रैल से लेकर नवंबर तक अपनी सभी 8 अनुषंगी कंपनियों की कार्य प्रगति जारी की है। कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक कोयला उत्पादन में पहले स्थान पर एमसीएल है। इस कंपनी ने 125.3 मिलियन टन कोयला का उत्पादन किया है। दूसरे स्थान पर एसइसीएल है। इसने 106.5 मिलियन टन कोयला का उत्पादन किया है। एनसीएल ने एमसीएल और एसइसीएल के बाद अप्रैल से लेकर नवंबर की आखिरी तारीख तक सबसे अधिक कोयला उत्पादन किया है। कोयला प्रेषण यानी आपूर्ति में भी एनसीएल कोल इंडिया की तीसरे स्थान की अनुषंगी कंपनी बनी है। कोयला उत्पादन से संबंधित जारी आंकड़ों के मुताबिक एनसीएल ने अब तक 92.1 मिलियन टन कोयला का उत्पादन किया है। बाकी की कंपनियों के उत्पादन का आंकड़ा एनसीएल से कम है। कोयला आपूर्ति में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है। एमसीएल 127.8 मिलियन टन कोयला आपूर्ति के साथ पहले स्थान पर है। जबकि एसइसीएल 116.8 मिलियन टन कोयला आपूर्ति कर दूसरे और एनसीएल 93.3 मिलियन टन कोयला आपूर्ति कर तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा सीआइएल की बाकी 5 कोयला कंपनियों की आपूर्ति इससे कम है। गौरतलब है कि एलसीएल को 135 मिलियन टन कोयला उत्पादन व आपूर्ति का लक्ष्य मिला है। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अभी 4 महीने का समय शेष है।



फाइल फोटो

### कई रिकार्ड के बाद भी उत्पादन लक्ष्य से पीछे

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल ने नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत कोयला उत्पादन, ओबीआर और डिस्पैच में नए कीर्तिमान बनाकर की है। अप्रैल 2030 के कार्य संचालन के परिणाम एसईसीएल के लिए उत्साहवर्धक रहे हैं। कंपनी ने 14.12 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया जो कि कंपनी के स्थापना के बाद से किसी भी अप्रैल महीने में सबसे अधिक है। बीते वर्ष अप्रैल महीने से तुलना की जाए तो कंपनी ने करीब 1.24 मिलियन टन की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। ओबीआर की बात करें तो 29.29 मिलियन क्यूबिक मीटर के साथ किसी भी अप्रैल महीने में ओबीआर का नया रिकार्ड बना है।वहीं डिस्पेच में भी कंपनी ने पिछले साल सभी आंकड़ों को पीछे छोड़ते हुए अप्रैल माह में 14.50 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया है। कंपनी ने बीते वर्ष की तुलना में डिस्पैच में 13 प्रतिशत की वृद्धि की है।

### तीन माह में 86 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य

एसईसीएल अपने इस वर्ष के 192 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य के मुकाबले अब तक 106 मिलियन टन ही कोयला उत्पादन कर सका है। कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए अब तीन माह का ही समय शेष रह गया है। जितना उत्पादन अभी हुआ है बचे तीन माह में एसईसीएल में लगभग उतना ही कोयला उत्पादन करने की चुनौती है। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि शायद ही एसईसीएल अपने उत्पादन लक्ष्य तक पहुंच पाएगी। हालांकि एसईसीएल के अधिकारियों की मानें तो शेष बचे तीन माह में उत्पादन लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।

### कंपनियों में कोयला उत्पादन की स्थिति

| कंपनियां | वर्तमान उत्पादन | पिछले वर्ष उत्पादन |
|---|---|---|
| एमसीएल | 125.3 | 120 |
| एसईसीएल | 106.5 | 89.8 |
| एनसीएल | 92.1 | 85.8 |
| इसीएल | 25.4 | 20.6 |
| बीसीसीएल | 26.2 | 22.4 |
| सीसीएल | 47.8 | 42.1 |
| डब्ल्यूसीएल | 36.6 | 31.7 |
| एनइसी | 0.10 | 0.10 |

(वर्तमान व पिछले वित्तीय वर्ष में समान समय में उत्पादन मिलियन टन में है।)

### कंपनियों में कोयला आपूर्ति की स्थिति

| कंपनियां | वर्तमान आपूर्ति | पिछले वर्ष आपूर्ति |
|---|---|---|
| एमसीएल | 127.8 | 126.6 |
| एसइसीएल | 116.8 | 99.8 |
| एनसीएल | 93.3 | 89.0 |
| इसीएल | 25.0 | 22.0 |
| बीसीसीएल | 25.8 | 22.9 |
| सीसीएल | 53.1 | 47.7 |
| डब्ल्यूसीएल | 43.5 | 37.0 |
| एनइसी | 0.09 | 0.07 |

(वर्तमान व पिछले वित्तीय वर्ष में समान समय में आपूर्ति मिलियन टन में है।)

# जहां स्वार्थ समाप्त होता है मानवता वहां से शुरू होती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आचार्य श्री ने कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि बाल गोपाल ने अपनी अठखेलियों से सबका मन मोह रखा था प्रभु को अपने सखाओं के साथ मटकी फोड़कर चोरी कर माखन खाते हुए देख यशोदा मैय्या मंत्रमुग्ध हो जाती थी। जहां स्वार्थ समाप्त होता है मानवता वहीं से प्रारम्भ होती है। मानव योनि में जन्म लेने मात्र से जीव को मानवता प्राप्त नहीं होती। यदि मनुष्य योनि में जन्म लेने के बाद भी उसमें स्वार्थ की भावना भरी हुई है, तो वह मानव होते हुए भी राक्षसी वृत्ति की पायदान पर खड़ा रहता है।

**खास बात**

- घंटाघर में देर शाम तक चल रही भागवत कथा, शामिल हो रहे नगरवासी

वासन परिवार के द्वारा ओपन थियेटर घंटाघर में श्रीमद् भागवत कथा की व्यासपीठ से कथा वाचक आचार्य पवन कृष्ण गोस्वामी ने आचार्य श्री ने कृष्ण लीला, गोवर्धन पूजा, महारास, कंस वध के साथ अनेको प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लेते ही कर्म का चयन किया। बाल अवस्था में ही नन्हें कृष्ण ने शकटासुर का वध किया, पूतना को मौत की नींद सुला दिया। तीन महीने के थे तो कान्हा ने व्योमासुर को मार गिराया। प्रभु ने बाल्यकाल में ही कालिया का वध किया और सात वर्ष की आयु में गोवर्धन पर्वत को उठाकर इंद्र देवता के अभिमान को चूर-चूर कर दिया। प्रभु ने गोकुल में गोचरण किया तथा गीता का उपदेश देकर हमें कर्मयोग्य का ज्ञान सिखाया। परमात्मा श्री कृष्ण की लीलाओं में पूतना चरित्र पर व्याख्यान देते हुए आचार्य गोस्वामी श्री गौरव कृष्ण महाराज ने कहा कि कंश स्वयं को सब कुछ समझ लिया। इसके लिए पूतना राक्षसी को भेजा तो प्रभु श्री बालकृष्ण भगवान ने पूतना को मोक्ष प्रदान किया। इधर कंस प्रतापी राजा उग्रसेन का पुत्र होते भी स्वार्थ लोलुपता अधिकाधिक होने के कारण राक्षसों की श्रेणी में आ गया और भगवान श्री कृष्ण ने उसका संहार किया। माखन चोरी लीला प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आचार्य श्री ने कहा कि दूध, दही, माखन को खा-खाकर कंश के अनुचर बलवान होकर अधर्म को बढ़ावा दे रहे थे। इस अवसर पर पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल, राहुल वासन, ममता वासन, साहिल वासन, अजय केडिया, नवीन अग्रवाल, मुन्ना साहू, गोपाल साहू, अपुर्वा पोद्दार, केके पोद्दार, श्वेता वासन, गुलशन वासन, वरूण वासन, सत्येंद्र वासन, यश वासन, जय प्रकाश वासन, हीना वासन, प्रिंस वासन, अमित सबरवाल, संजय महराज, संतोष राठौर, पूनम वासन, कुसुम वासन, अपूर्व वासन सहित अन्य उपस्थित थे।



प्रवचन सुनते श्रद्धालु एवं इनसेट में भगवताचार्य।

### मनुष्य भूलता जा रहा है अपनी मूल संस्कृति : मां मंदाकिनी



**हरदीबाजार।** हिंदू संस्कृति में सूर्य उदय से लेकर सूर्यास्त तक ही सभी धार्मिक अनुष्ठानों को शुभ माना गया है किंतु आज का मनुष्य आधुनिकता और पश्चिमी सभ्यता को अपना कर अपनी मूल संस्कृति को भूलता जा रहा है। वेदों के अनुसार मनुष्य के जीवन में सभी सोलह संस्कारों को सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही किये जाने का उल्लेख है किन्तु आज का इंसान शादी-ब्याह जैसे मूल संस्कार को सूर्यास्त के बाद रात्रिकालीन में करने लगा है। वहीं जीवन का सार्थकता, मर्यादा, कर्तव्य, संस्कार, निडरता और सौम्यता केवल और केवल श्री रामचन्द्र के जीवन चरित्र से मिलता है जिसे हम सभी मनुष्य जाति को अपना कर जीवन जीना चाहिए और जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। उक्त उद्गार हरदीबाजार लीलागर नदी के तट पर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में त्रिबिध कार्यक्रम श्रीराम कथा एवं श्रीराम विवाह, श्रीराम नाम जप एवं लेखन अनुष्ठान में कथा व्यास पीठ से दीदी मां मन्दाकिनी श्रीराम किंकर ने कही। वहीं ठंड को देखते हुए बुधवार से श्रीराम कथा का समय शाम 4 बजे से 6 बजे तक कर दी गई है, जो पहले शाम 6 से रात 8 बजे तक थी। कथा श्रवण करने प्रथम दिवस पूर्व विधायक बोधराम कंवर, दयाराम कंवर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीरा कंवर, प्रमीला कंवर,मदनलाल राठौर, विधायक प्रतिनिधि भैयाराम यादव, इंद्रपाल सिंह कंवर,विजय जायसवाल,श्याम बाई कंवर, चंद्रहास राठौर ,कदम यादव, दुर्गेश यादव,पवन शर्मा,विजय अग्रवाल, सुरेश शर्मा, आत्माराम कंवर, रामकुमार यादव,विजय साहू,गजानंद यादव,पदमनी रात्रे,पुरनलाल जायसवाल,संतोष पटेल, राजाराम राठौर एवं पं. योगेश मिश्रा सहित अन्य नागरिक कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे हैं।

# झारखंड से धान लाते पकड़े गए चार वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

धान खरीदी के बीच पड़ोसी राज्यों से अवैध धान आने का सिलसिला भी जारी है। तस्कर अवैध रूप से धान खपाने के प्रयास में लगे हुए है लेकिन प्रशासन द्वारा गठित टीम उनके मंसूबों को नाकाम कर रही है। टीम द्वारा पुनः चार वाहनों से 210 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। धान को झारखंड से लाया जा रहा था और समितियों में खपाने की योजना थी। टीम द्वारा फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि धान खरीदी शुरू होने के साथ ही जिले में तस्कर व बिचौलिए भी सक्रिय हो गए है और अवैध रूप से धान खपाने का प्रयास कर रहे है। ऐसे में कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर निगरानी दलों, नोडल अधिकारियों व राजस्व अधिकारियों की टीम गठित की गई है जो समितियों में समय समय पर औचक निरीक्षण कर अवैध रूप से खपाए जा रहे धान को जब्त कर रही है। जिले में यूपी, झारखंड से सर्वाधिक धान छत्तीसगढ़ लाकर खपाने का प्रयास किया जाता है। इस बीच एसडीएम कुसमी के मार्गदर्शन में तहसीलदार चांदो द्वारा ग्राम करचा के बेरियर पर वाहन क्रमांक जेएच 03 एजी 9677 पिकअप से 60 बोरी, जेएच 03 पी 3363 पिकअप से 35 बोरी, जेएच 03 के 9672 पिकअप से 45 बोरी एवं सीजी 15 डीई 3276 मेटाडोर से 70 बोरी कुल 210 बोरी अवैध धान पकड़ा है। टीम द्वारा पकडे गए धान व वाहनों को जब्त कर चांदो थाना के सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि तस्कर झारखंड से धान लाकर समितियों में खपाने की योजना बना रहे थे।

# डॉक्टर के पुत्र ने लगाई फांसी, मौत


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बस्ती निवासी एक 22 वर्षीय नीतीश भारती ने बुधवार की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि युवक अपनी बहन और जीजा से विवाद चल रहा था। जिसके बाद से नीतीश अकेला रहता था। नीतीश डॉ कामता भारती का पुत्र था। नीतीश के आत्महत्या करने के कारण का पता नहीं चल सका है।

**खास बातें**

- फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने की घटना स्थल की जांच
- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के बुधवारी बस्ती का मामला

मृतक नीतीश के पिता का कहना है कि नीतीश घर पर अकेले ही रहता था। कुछ महीने पहले ही उसके लिए एक कमरा तैयार कर दिया था। उसी घर से सौ मीटर की दूरी पर वे अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। सुबह उठने पर पता चला कि नीतीश ने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी है। पड़ोसियों ने बताया कि नीतीश के घर का दरवाजा खुला हुआ था और उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटक रही थी। पिता ने बताया कि नीतीश का पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसलिए दो-तीन दिनों से परेशान था। नीतीश का अपनी बहन और जीजा के साथ विवाद चल रहा था। पिता ने बताया कि उसकी बेटी और दामाद ने लव मैरिज किया है तब से उनका विवाद चल रहा था। नीतीश ने कैसे और किन परिस्थितियों में खुदकुशी की है यह समझ से परे है। सीएसईबी चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां मृतक के परिजनों का बयान दर्ज किया गया है। हत्या के आशंका होने पर फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को बुलाकर जांच की जा रही है। जांच व पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही नीतीश के मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।



मृतक।

### बच्चों से गाली गलौज करने वाला शिक्षक निलंबित

**कोरबा।** जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा ने शराब पीकर बच्चों से गाली गलौज करने वाले सहायक शिक्षक को निलंबित किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार राजेश कुमार तिवारी, शासकीय प्राथमिक शाला बरपाली (जिल्गा) में सहायक शिक्षक (एल.बी.) के पद पर पदस्थ थे। वह प्रतिदिन शराब के नशे में शाला आकर वहाँ पढ़ने वाले बच्चों से गाली गलौज करते थे। शाला के प्राचार्य, बच्चों, ग्राम सरपंच सहित समस्त ग्रामवासियों ने इसकी शिकायत की थी। उक्त शिकायत को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा ने अपनी जाँच में सही पाया, जिनके जाँच प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा ने शिक्षक राजेश कुमार तिवारी, सहा. शिक्षक (एल.बी.), शासकीय प्राथमिक शाला बरपाली (जिल्गा) को कर्तव्य के प्रति लापरवाही व अनुशासनहीनता बरतने तथा उनका आचरण छ. ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत पाए जाने पर निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज ने कार्यवाही के संबंध में बताया कि शिकायत पर शिक्षा के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है।

सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# बालको के सुरक्षा संकल्प के 2 वर्ष पूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने सुरक्षा कार्यक्रम 'सुरक्षा संकल्प' के दो साल पूरे होने का जश्न मनाया। बालको शॉप फ्लोर टीम और संगठन के विभिन्न विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों एवं व्यावसायिक साझेदारों ने जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बीते दो सालों में सुरक्षा संकल्प पहल ने संयंत्र परिसर के भीतर कड़े सुरक्षा उपायों को प्रोत्साहित करने में शानदार सफलता हासिल की है। दिसंबर 2021 से आरंभ सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम का उद्देश्य कोचिंग, कॉउंसिलिंग, मॉनिटिरिंग और त्वरित प्रतिक्रिया प्रदान करने में निहित सुरक्षा संस्कृति का पोषण करना है।

हर महीने के पहले दिन आयोजित होने वाले व्यापक प्रशिक्षण सत्रों ने कर्मचारियों को कार्यस्थल पर रचनात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करते हुए सुरक्षा-प्रथम मानसिकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लगातार 25वें प्रशिक्षण में 1500 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों ने हिस्सा लिया। सभी का उत्साह सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के दो उल्लेखनीय वर्षों के सफल समापन का प्रतीक है। सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम अपने संचालन के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई विविध प्रकार की थीम को शामिल करता है। कंपनी व्यक्तियों को सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने सहित उनको प्रोत्साहित करती है। अपने संबंधित विभागों के भीतर सुरक्षा जागरूकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दिखाई है और दूसरों को कार्यस्थल में सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता में से एक है जो हमारी कार्य संस्कृति का हिस्सा है। 'सुरक्षा संकल्प' एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायक रहा है जो हमारे कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों की भलाई को प्राथमिकता देता है। यह मील का पत्थर एक सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने के हमारे सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे हम सुरक्षा के उच्चतम मानकों को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बालको ने वार्षिक कोयला खादान सुरक्षा पखवाड़ा-2023 के अंतर्गत चोटिया कोयला खदान में सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया। शॉप फ्लोर में भारी वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए एलईडी लोगो प्रोजेक्टर का प्रयोग हो रहा है। सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आंतरिक वाहन संचालन में अत्याधुनिक एआई तकनीक एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) और ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम (डीएमएस) को लागू किया गया है। कंपनी अपने प्रचालन क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी फर्स्टदृष्टिकोण के अनुरूप विभिन्न नवाचारों को अपनाने और कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोपरी रखने का कार्य किया है। द एनर्जी एंड एनवायरनमेंट फाउंडेशन की ओर से गोल्ड कैटेगरी में बालको को ग्लोबल रोड सेफ्टी अवार्ड 2023 पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कंपनी ने सुरक्षा डिजिटलीकरण पर अपनी 'सुरक्षा संकल्प कुटुंब' परियोजना के लिए 5वीं सीआईआई राष्ट्रीय सुरक्षा अभ्यास प्रतियोगिता में 'प्लैटिनम विजेता' का दर्जा हासिल किया।



# एसईसीएल में अब आश्रितों के लाइफ रोस्टर में बेटी भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में अब आश्रितों के लाइफ रोस्टर में बेटे के साथ बेटी को भी शामिल कर लिया गया है। एपेक्स जेसीसी की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद अब कोल इंडिया ने सभी अनुषंगी कंपनी के सीएमडी को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जिसके बाद अब कोल कर्मियों की सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर उनकी विवाहित बेटी भी अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्र होगी। एसईसीएल सहित अन्य अनुषंगी कंपनियों में अब कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर उनकी विवाहित बेटी भी अनुकंपा नियुक्त पाने की हकदार होंगी। कोयलाकर्मियों के लिए हुए 11वें वेतन समझौता के क्रियान्वयन का आदेश कोल इंडिया ने जारी कर दिया है। इस संबंध में एमपी एंड आईआर जीएम गौतम बनर्जी की ओर से अधिसूचना जारी कर एसईसीएल समेत सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी को पत्र भेजा गया है। उसमें सामाजिक सुरक्षा, भारत भ्रमण, आवास भत्ता समेत 10 बिंदुओं पर हुए समझौतों को लागू करने का निर्देश दिया गया है। समझौते के तहत आश्रितों के लाइव रोस्टर में अब बेटे के साथ बेटी को भी शामिल किया गया है। कोल इंडिया एपेक्स संयुक्त सलाहकार समिति जेसीसी की बैठक में निर्णय लिया गया था कि अब आश्रित नियोजन में विवाहित बेटी को अनुकंपा नियुक्ति मिल सके। जिसके बाद अब इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यानी कर्मी की मृत्यु हो जाने की स्थिति में बेटे के साथ बेटी भी 18 साल की उम्र पूरी होने पर नौकरी पाने की हकदार हो सकेगी। अब तक सिर्फ बेटे को ही इसका हकदार माना जाता था। उल्लेखनीय है कि देश की विभिन्न अदालतें कह चुकी है कि सरकारी नौकरियों में अनुकंपा के आधार पर नौकरी पाने का आधार विवाहित बेटे को है तो विवाहित बेटियों को भी होना चाहिए। बिलासपुर हाईकोर्ट ने भी इसी फैसले को दोहराया और कोल इंडिया को आदेश दिया था कि मृत कर्मचारियों की बेटी को अनुकंपा पर नौकरी दी जाए।

## खबर संक्षेप

### बढ़ती ठंड के मद्देनजर शाला समय में परिवर्तन करने की उठी मांग

**बिश्रामपुर।** इन दिनों पड़ रहे कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए शाला लगने के समय में परिवर्तन की मांग उठने लगी है। चक्रवात मिचौन्ग के कहर उपरांत बादल छटते ही ठंड में तेजी से वृद्धि हो रही है। एक पाली में लगने वाली शासकीय शाला शनिवार को प्रातः 7.30 बजे से संचालित होता है, वहीं अन्य दिवस 9.45 बजे से लगाने के निर्देश हैं। जिले में दिनों दिन बढ़ रही ठंड के मद्देनजर पूर्व के निर्धारित समय अवधि में बच्चों की उपस्थिति लगातार कम हो रही है। ग्रामीण परिवेश में बच्चों के समक्ष गर्म कपड़ों का अभाव रहता है। ऐसी स्थिति में छात्र बिना गर्म कपड़ों के ही विद्यालय आ रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। बढ़ते ठंड को ध्यान में रखकर शाला समय में परिवर्तन की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा दिक्कत शनिवार को प्रातः काल में बच्चों व शिक्षकों को हो रहा है। ठंड को ध्यान में रखकर बलरामपुर के जिला अधिकारियों द्वारा शाला समय में बदलाव किया गया है। शेष जिलों में अभी भी विद्यालय पूर्व निर्धारित समय पर ही संचालित हो रहा है, जिससे अत्यधिक समस्या हो रही है। बच्चों के हित में सूरजपुर जिले में भी विद्यालय संचालन का समय परिवर्तन किया जाना चाहिए।

### दतिमा में जिओ का नेटवर्क बेहाल, ऑनलाइन कार्य बाधित

**दतिमामोड़।** दतिमा में लगा जिओ नेटवर्क लगभग 40 दिनों से बेहाल पड़ा हुआ है। नेटवर्क की समस्या से क्षेत्र के हजारो मोबाइल उपभोक्ता परेशान है। विदित हो कि 7 नवम्बर को प्रधानमंत्री मोदी दतिमा में चुनावी सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। संभाग स्तरीय प्रधानमंत्री के सभा में बड़ी संख्या में भीड़ होने से जिओ का नेटवर्क पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। हालांकि बड़े कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग जिओ नेटवर्क से ही संचालित होता है।साथ ही जिओ कंपनी 5 जी नेटवर्क उपलब्ध कराने की बात कहती है जबकि उसका 4 जी टावर ही बदहाल हो चुका है। नेटवर्क खराब होने से च्वाइस सेंटर, ऑनलाइन सेंटर, बैंक के अलावा कई प्रकार की समस्याओं से लोग परेशान है। इस संबंध में जिओ कंपनी से संबंधित अधिकारी से बात की गई तो एक महीने के भीतर नेटवर्क सुधार देने की बात कही गई परंतु आज तक नेटवर्क सुधारने की दिशा में किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जल्द ही नेटवर्क की समस्या को दूर नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### खेलने के दौरान कुएं में डूबने से मासूम की मौत

**बिश्रामपुर।** घर के पास खेलने के दौरान एक मासूम की कुएं में डूबने से मौत हो गई। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कनकपुर गोंडपारा निवासी विजय सिंह बुधवार को घर के सामने एक निवास पर तीज नवावन कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इस दौरान दोपहर में विजय सिंह का 3 वर्षीय मासूम पुत्र शुभम उर्फ समीर खेलने के दौरान घर के समीप स्थित कुएं में अचानक गिर गया, जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम करते हुए विवेचना शुरू की है।

### कार की टक्कर से युवक घायल, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** सड़क किनारे मोबाइल फोन पर बात कर रहा युवक कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस द्वारा शिकायत के बाद अपराध दर्ज किया गया है। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम जयपुर निवासी 22 वर्षीय अवधेश गढ़वाल आ. रमेश्वर गढ़वाल का भाई राजेश गढ़वाल 10 दिसंबर को बाइक क्रमांक सीजी 15 सी 0526 से किराना सामान लेने के लिए ग्राम बरढोढ़ी गया हुआ था। इस दौरान युवक ग्राम परसोढ़ी के समीप मोड़ पर अपनी बाइक खड़ी कर फोन पर बात कर रहा था। इस दौरान सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 15 डीजेड 1118 के चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में पुलिस द्वारा शिकायत के बाद चालक ग्राम इंदरपुर निवासी शंकर दास आ. घुरन दास के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पिछले पंद्रह दिन से समिति का चक्कर लगा रहे ग्रामीण

# सहकारी समिति सेदम में खाद बीज की कमी, किसानों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

सहकारी समिति में खाद बीज की कमी होने से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि हर रोज किसान खाद बीज के लिए समिति को चक्कर लगाने है परंतु उन्हें खाद बीज नहीं मिलता। ऐसे में किसान रबी फसल की तैयारियों को लेकर चिंतित है। समय पर खाद बीज उपलब्ध नहीं हो पाने की स्थिति में अब व्यापारियों से खाद बीज औने पौने दाम पर खरीदने के लिए मजबूर है।

**खास बात**

- व्यापारियों से औने पौने दाम पर खाद-बीज खरीदने को मजबूर किसान

सहकारी समिति सेदम में खाद बीज के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान पहुंचते है। समिति में धान बेचने के पश्चात अब किसान खेतों में रबी फसल लगाने की तैयारियों में जुट गए है। ऐसे में समय पर खेती हो इसके लिए खाद बीज की व्यवस्था करने में लगे है। कांग्रेस शासन से ही सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में खाद बीज के लिए किसान परेशान हो रहे हैं जो अब तक खत्म नहीं हुई है और अब भी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सेदम में आज तक खाद बीज की किल्लत लगातार बनी हुई है। ऐसे में क्षेत्र के किसान फसल बोने हेतु खाद बीज की कमी से जूझ रहे हैं। गौरतलब है कि सीतापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किसानों को खाद्य बीज की कमी कांग्रेस शासन में पिछले 5 वर्षो तक झेलनी पड़ी है जहां क्षेत्र के किसान दुकानों से ऊंचे दामों में खाद बीज खरीद कर खेती किसानी करने को मजबूर थे जो मजबूरी अब तक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सेदम में देखी जा सकती है जहां रासायनिक खाद यूरिया, डीएपी, इफको, सुपर सहित गेहूं बीज पिछले पंद्रह दिनों से नहीं है। गेहूं, तीसी की खेती करने क्षेत्र के किसान परेशान हो रहे हैं यहां तक की गेहूं खेती भी पिछड़ रही है।


खाद-बीज लेने समिति पहुंचे किसान।

**नए विधायक से उम्मीद**

राज्य में भाजपा की सरकार बन गई है वहीं क्षेत्र में भी पहली बार विधानसभा से भाजपा विधायक राम कुमार टोप्पो विधायक बने है। ऐसे में पिछले पांच साल से खाद बीज की समस्या से जूझ रहे किसानों को नए विधायक से काफी उम्मीद है। किसानों को उम्मीद है कि सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में खाद बीज की कमी नहीं होने देंगे और किसानों को भरपूर मात्रा में खाद बीज उपलब्ध मिल सकेगा।

**मंगाई गई है खाद-बीज**

सहकारी समिति में खाद बीज की कमी है। इसे ध्यान में रखकर खाद बीज मंगाया गया है जो अब तक समिति में नहीं पहुंचा है। समिति में आने के बाद खाद बीज की समस्या नहीं होगी।

-विवेक विश्वकर्मा, समिति प्रबंधक

**जल्द कराया जाएगा उपलब्ध**

किसानों की समस्याओं को जल्द ही दूर किया जाएगा। मै खाद बीज निगम को निर्देशित करता हूं। सहकारी समिति में जल्द ही खाद बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

-रवि राही
एसडीएम सीतापुर


अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

## विधानसभा के बाद अब लोकसभा की तैयारियां शुरु

**बैकुण्ठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 से पूर्व विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में समय-सारणी जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में समय-सारणी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के आधार पर मतदान केन्द्रों की पुनर्व्यवस्था एवं अनुभागों का गठन, मतदाता सूची,ईपिक में विसंगतियों को दूर करने, अनुभागों-भागों का पुनर्निर्धारण और मतदान केन्द्र के अनुभाग-भाग की सीमा स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केन्द्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करने, केट्रोल टेबल का अद्यतयनीकरन, प्रारूप 1 से 8 तक की तैयारी, आर्हता के लिए 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में पूरक और एकीकृत ड्राप्ट रोल तैयार करने का कार्य 20 दिसंबर से 5 जनवरी 2024 तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण गतिविधियों के अंतर्गत एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। मतदाता सूची के संबंध में दावा एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 6 से 22 जनवरी तक, दावा आपत्तियों का निस्तारण 2 फरवरी को एवं मापदंडों के अनुसार मतदाता सूची की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने के लिए 6 फरवरी तक भेजा जाएगा एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह ने बताया कि मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव 21 दिसंबर 2023 तक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को प्रेषित किया जाना है। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नंदनी साहू, राजनैतिक दल के प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, विशाल कांत गुप्ता एवं धर्मसाय सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- कलेक्टर ने ली राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक
- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में समय-सारणी जारी


हाइवा अनियंत्रित होकर घर से टकराया।

## तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर घुसा घर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

मंगलवार की मध्य रात्रि ग्राम भिलाईकला में तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने घर में घुस गया। गनीमत थी कि इस दौरान घर में कोई मौजूद नहीं था अन्यथा बड़ी दुघर्टना हो सकती थी।

ग्राम भिलाईकला निवासी दसमतिया यादव पति रामकेश्वर यादव ने सड़क किनारे पक्का मकान बनाया है। बीती रात्रि मित्तल क्रशर के संचालक अक्षत मित्तल का हाइवा क्रमांक सीजी 15 डीजे 3800 का चालक अनुज कुशवाहा तेज रफ्तार से लुण्ड्रा की ओर से वाहन चलाते हुए आ रहा था। ग्राम भिलाई कला के पास वाहन अनियंत्रित हो गया तथा दीवार तोड़ते हुए घर जा घुसा। इस दौरान घर में कोई भी मौजूद नहीं था। गृह स्वामी तसमतिया ने बताया कि गृह प्रवेश नहीं होने के कारण परिवार के सदस्य पुराने मकान में ही रह रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दुघर्टना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस धारा 279 के तहत दुघर्टनाकारी हाइवा को जब्त कर थाना परिसर में ले आई है।

## बिहारपुर में हर शुक्रवार को होगा जन समस्या का निवारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा कुछ दिन पूर्व बिहारपुर क्षेत्र का दौरा किया गया था। उन्होंने भैयाथान एसडीएम को कैंप कार्यालय बिहारपुर में शुक्रवार को मार्केट दिवस के दिन जन समस्या निवारण के लिए कैंप आयोजित करने के लिए निर्देशित किया था। जिस पर अमल करते हुए भैयाथान एसडीएम सागर सिंह राज ने जनपद पंचायत ओड़गी के बिहारपुर कार्यालय में कैंप के संचालन के लिए तैयारी सुनिश्चित कर ली है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 से संध्या 5 बजे तक जनपद कार्यालय ओड़गी के कैंप कार्यालय बिहारपुर में क्षेत्र वासियों के समस्याओं के समाधान के लिए कैंप का आयोजन होगा। जिसमें समस्त विकासखंड स्तर के अधिकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन, प्रचार प्रसार एवं जन-साधारण से प्राप्त समस्याओं का निराकरण करेंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### राजस्व के लंबित प्रकरणों ....

निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन अधिकार पट्टा वितरण के लंबित प्रकरणों के लिए राजस्व अमला तथा वन विभाग को संयुक्त रूप से सूची बनाकर समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में शासकीय जमीनों पर बहुतायत संख्या में अतिक्रमण किए गए हैं, निष्पक्ष होकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए, जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने राजस्व अमला को हिदायत देते हुए कहा कि राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, समस्याओं के निराकरण करने में उसका बेहतर निर्वहन करें। उन्होंने जिस क्षेत्र में फर्जी पट्टे का वितरण हुआ है आवश्यक जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आदिवासी भूमि विक्रय की जानकारी लेते हुए संबंधित प्रकरणों को नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। बेनामी जमीन अंतरण के प्रकरणों की सूची बनाकर भू-राजस्व संहिता की धारा 170 (ख) में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई नामांतरण अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली तथा सभी जानकारी अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नक्शा खसरा को अपडेट रखने, डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित खातों एवं खबरों की जानकारी लेकर आधार, मोबाइल, किसान, किताब एवं जेंडर की जानकारी प्रविष्टि नियमित करने कहा। उन्होंने पटवारी की भूमि में उपस्थिति एवं आवास की स्थिति की जानकारी ली तथा पटवारियों से बेहतर कार्य कराने के लिए मुख्यालय में निवास करने निर्देशित किया तथा निष्क्रिय पटवारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अनुसूचित जाति, जनजाति की सभी प्रमाण पत्र समय अवधि में निपटाने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम श्रीमती अभिलाषा पैकरा, तहसीलदार नीरज कांत तिवारी, शशी शेखर मिश्रा, समस्त आरआई, पटवारी सहित राजस्व अमला उपस्थित रहे।

### चोरी की नीयत से घुसे ....

पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मनेन्द्रगढ़ निवासी जावेद के रूप में की गई, वहीं दूसरा फरार साथी बाद में पकड़ा गया, जिसकी पहचान शनि नाम के व्यक्ति के रूप में हुई, जो कि पटना क्षेत्र का रहने वाला बताया जाता है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को नागपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर कार्रवाई की। इस तरह परिवार के सदस्यों की सजगता से घर का सामान चोरी होने से बच गया।

## अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में बुजुर्ग को छोड़कर भाग गए 108 के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अस्पताल में बिना किसी सूचना के भर्ती कराए गए बुजुर्ग का प्रबंधन द्वारा उपचार करने के साथ ही उसकी देखरेख कर मानवता की मिशाल पेश की गई है। बुजुर्ग को संजीवनी 108 के कर्मचारी बिना कोई सूचना दिए वार्ड में छोड़कर फरार हो गए थे। फिलहाल बुजुर्ग का उपचार जारी है और उसकी देखभाल की जा रही है। इस घटना से एक तरफ अस्पताल प्रबंधन के कार्यों की सराहना हो रही है तो वहीं दूसरे ओर संजीवनी 108 एम्बुलेंस के कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए जा रहे है। बताया जा रहा है आज सुबह संजीवनी 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी एक बुजुर्ग को राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में बिना किसी सूचना के छोड़कर चले गए थे। बुजुर्ग लावारिश हालत में आपातकालीन कक्ष में पड़ा हुआ था। इस दौरान निरीक्षण पर निकले अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या की नजर जब बुजुर्ग पर पड़ी तो उन्हें बुजुर्ग के बारे में जानकारी मांगी लेकिन कोई भी सही जानकारी निकलकर सामने नहीं आई। पूछताछ में पता चला कि एम्बुलेंस के कर्मचारी बुजुर्ग को वार्ड में छोड़कर चले गए थे। ऐसे में अधीक्षक ने तत्काल बुजुर्ग की साफ सफाई करने के साथ ही उन्हें भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश कर्मचारियों को दिए इसके साथ ही बुजुर्ग की जांच कर संबंधित विभाग में भर्ती कर उपचार करने का निर्देश दिया गया। बुजुर्ग की उम्र लगभग 70 वर्ष बताई जा रही है। अस्पताल में आज मानव सेवा का फर्ज निभाते हुए कर्मचारियों द्वारा बुजुर्ग की साफ सफाई करने के साथ ही उन्हें गर्म भोजन उपलब्ध कराया गया। बता दें कि अस्पताल में मरीजों को लावारिश छोड़कर भागने का यह कोई पहला मामला नहीं है। अस्पताल में आए दिन परिजन मरीज को अस्पताल में छोड़कर भाग जाते है तो कभी 108 एम्बुलेंस के लोगों द्वारा मरीज को लाकर अस्पताल में छोड़ दिया जाता है और इसकी जानकारी प्रबंधन को नहीं दी जाती है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन द्वारा ऐसे लोगों का उपचार करने के साथ ही उचित देखभाल की जाती है। आज इस कार्य के लिए मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. रमनेश मूर्ति एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर सी आर्या ने कर्मचारियों के इस कार्य के लिए खूब सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी अज्ञात मरीज हमारे अस्पताल में आए तो इसकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है और निरंतर मानवता के नाते हमेशा इस नेक कार्य को जारी रखना है।

- प्रबंधन द्वारा मानवता का परिचय देते हुए कराया गया भोजन, किया जा रहा उपचार

### हाइवा की टक्कर से युवक की मौत, अपराध दर्ज

अंबिकापुर। हाइवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सरगवां निवासी अनमोल बड़ा आ. निमन बड़ा किराना दुकान का संचालन करता है। युवक 11 दिसंबर को गांव के उमेश एक्का के साथ बाइक क्रमांक सीजी 30 ई 6281 से राजपुर गया हुआ था। राजपुर से दोनों रात लगभग 10 बजे वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान बूढ़ाबगीचा मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा क्रमांक सीजी 15 डीएफ़ 9771 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए इसके साथ ही उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उमेश एक्का की मौत हो गई इसके साथ ही अनमोल बड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का उपचार जारी है। युवक की शिकायत पर पुलिस द्वारा हाइवा वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## सीएम विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण का साक्षी बना सरगुजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सत्ता परिवर्तन के बाद आज सरगुजिहा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की बागडोर संभाल ली है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कई राज्यों के सीएम की मौजूदगी में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री व जशपुर जिले के कुनकुरी से विधायक विष्णुदेव साय ने अपने दो डिप्टी सीएम अरुण साव व विजय शर्मा के साथ पद व गोपनीयता की शपथ ली। प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने उन्हें शपथ दिलाई। बड़ी बात यह है कि शपथ ग्रहण के समारोह का आज पूरा प्रदेश साक्षी बना। शपथ ग्रहण समारोह का प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में सीधा प्रसारण किया गया जहां भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिक व अधिकारी शामिल हुए। सरगुजा संभाग को पहली बार प्रदेश की कमान मिलने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिकों में भारी उत्साह का माहौल है। भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आज जश्न मनाने के साथ ही मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। बता दें कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली एकतरफा जीत व पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सरगुजा संभाग ने बड़ी भूमिका निभाई है। पिछली बार जिस तरह सरगुजा से सीएम की आस में जनता ने कांग्रेस को 14 सीटें दी थी उसी तरह इस बार भी सरगुजा से सीएम की आस में जनता ने भाजपा को 14 की 14 सीटें दी है। सरगुजा संभाग के 14 विधानसभा सीटों में भाजपा को मिली एकतरफा जीत के बाद भाजपा ने भी प्रदेश की सरकार का जिम्मा संभाग को दिया प्रदेश के मुखिया की कमान जशपुर जिले के कुनकुरी से विधायक विष्णुदेव साय को सौंपी है। प्रदेश में सरगुजिहा सरकार के गठन से लोगों में उत्साह का माहौल है। आज सीएम के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सरगुजा जिला के साथ ही संभाग भर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी रायपुर गए हुए थे वहीं सीएम के शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालयों के साथ ही जनपद स्तर पर किया गया। सरगुजा जिले की बात की जाए तो शहर के पीजी कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में सीएम के शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व जनता के साथ ही अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

**खास बात**

- पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ ही नागरिक पहुंचे कार्यक्रम में, दिखा उत्साह



**युवाओं और महिलाओं ने साझा किए अपने अनुभव**

पीजी कॉलेज आडिटोरियम में मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह के लाइव प्रसारण को देखने पहुंची स्वच्छता दीदियों ने अवसर पर मुख्यमंत्री से अपनी आशाएं और उम्मीदें साझा की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि आज मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में हम सभी शामिल हुए और हम आशा करते हैं कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ और विकास करे और हम पूरी स्वच्छता दीदियों की तरफ से उन्हें बहुत-बहुत बधाई। जिले के युवाओं ने भी छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर जिले से जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक करता राम गुप्ता, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, अभिषेक शर्मा, मुरारी लाल बंसल, दीपक गर्ग, आकाश सोनी, मयंक जायसवाल, विनोद दुबे, रूपेश दुबे, निशांत सिंह सोलू सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### पीईकेबी खदान शुरू कराने की मांग

**अम्बिकापुर।** पीईकेबी खदान के नियमित संचालन के लिए जिले के प्रभावित ग्रामीणों ने क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायकों को रायपुर में ज्ञापन सौंपा है। उदयपुर विकासखण्ड अंतर्गत एक मात्र खदान के नियमित संचालन के लिए ग्राम पंचायत परसा, साल्ही, बासन, फतेहपुर, घाटबर्रा, जनार्दनपुर सहित अन्य गांव के ग्रामीणों से हस्ताक्षरित ज्ञापन लेकर एक समूह द्वारा मंगलवार को रायपुर पहुंचा। समूह में शामिल ग्राम साल्ही के मोहन पोर्ते तथा रघुनन्दन पोर्ते, घाटबर्रा के अहिवरण मरकाम, फतेहपुर के केश्वर सिंह पोर्ते और हरिहरपुर के राजेश्वर दास सहित अन्य ग्रामीणों के एक समूह ने अंबिकापुर क्षेत्र के विधायक राजेश अग्रवाल तथा प्रेमनगर क्षेत्र के विधायक भूलन सिंह मरावी से मुलाकात की। उन्होंने श्री अग्रवाल तथा श्री मरावी को ज्ञापन सौंपा।



